पंजाब की मंडियां

खन्ना : जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)220, राइसब्रान (अखाद्य) 218, खल सरसों 3200, डीओसी: राइसब्रान बैच सफेद 1900, लाल ×, कंटीन्यूअस 1900, सरसों (टन) 25500, सूरजमुखी (टन) 30000, अनाज: गेहूं 2690/2700, आटा (50 किलो)1520/1525, मैदा 1590/1600, चोकर (45 किग्रा) 1150, चोकर (30 किग्रा) 710, सूजी (50 किलो) 1620/1625, मक्की बिहार 2425/2450

लुधियाना : दाल-दलहन: राजमां चित्रा 11500/12800, अरहर दाल 11400/12000, उड़द साबुत 10600/12000, उड़द धोया 11300/12500, छिलका 10900/12300, दाल मसूर 7500/11000, चनादाल 7050/7450, एग्रो प्योर बेसन (35 किग्रा.)2950, काबली चना 7800/11300, मूंग साबुत 8600/10000, मूंग धोया 9800/12000, चावल : डीबी सेला 9200/9300, शरबती स्टीम 7200/7300,चावल 1121 सेला 9700/9800, तेल: बिनौला 15000, चावल तेल 13400, सरसों 16400/16500, खल: सरसों 3500/3600, बिनौला 4300/4325, डीओसी: मूंगफली 37500, किराना : जीरा 23000/26600, धनिया 17000/20000, हल्दी 18500/21200, केसर प्रति ग्राम कश्मीरी 275/280

अमृतसर : चावल: बासमती (1121 नं.) स्टीम 10400/10900, सेला 9600/10000, शरबती सेला 6200/6300, शरबती स्टीम 7300/7400,चावल (1509) सेला 8500/8600, धान: शरबती 3500/3600, बासमती 1121 धान 5500/5600, धान (1509) 4500/4600, पीआर-11 चावल 6100/6200, देशी चना 7250/7450, चनादाल 7400/7650, गुड़ (क्विं): लड्डू मंगलौर ×, देशी पंजाब 5450/5500, शक्कर देशी 5300/5400, बूरा खांड 5100/5200

फाजिल्का : (जीएसटी अतिरिक्त): धान (1509) 4450/4550, धान मोटा 2300/2400, चावल कच्चा (आईआर-8) 4000/4050, चावल सेला (आईआर-8) 3925/3950, चावल कच्चा (पीआर-11) 5400/5500, सेला (पीआर-11) 5100/5200, धान (1121)5400/5475, सेला (1121) चावल 9800/9900, गेहूं 2600/2625, सरसों 7800/7900 रुई (प्रति मन): (जे-34) 6600/6700, कपास देशी 7100/7200 कपास नरमा (क्विं.) 8100/8300, बिनौला (टैक्सपेड): खल 4050/4150, जे-34 (चिलकी) 4650/4700

संगरूर : गेहूं 2670/2700 आटा (50 किलो) 1570/1580, मैदा (50 किलो) 1640/1660, सूजी (50 किलो) 1690/1700, चावल 1121 सेला 9300/9500, स्टीम 10500/10800, शरबती चावल सेला 6400/6600, स्टीम 7300/7500, चावल परमल कच्चा 4200/4300, सेला 4000/4050, देशी चना छना 7200/7250, दाल चना 7350/7500, उड़द छिलका 11300/13500, राजमां चित्रा देशी 9800/12600, चाईना 12000/12800, काबली चना 7500/11800, किराना: जीरा 23600/26900, धनिया 16500/19300, लालमिर्च गुंटूर 341 न. 18000/21000, तेजा 26500/29000, हल्दी इरोड़ गट्ठा 18500/18600, निजामाबाद फली 21500/22500, मेवा (किलो): काजू: (320 नं.) 1000/1010, (210 नं.) 1090/1100, (240 नं.) 1060/1070, (180 नं.) 1140/1150, दो टुकड़ा 870/890, चार टुकड़ा 800/810, आठ टुकड़ा 770/780, गोला 37000/44000

जालन्धर : गेहूं दड़ा 2740/2760, चावल परमल कच्चा 4100/4200, सेला 3800/3900, मक्की बिहार 2350/2400, यूपी 2250/2300 दाल उड़द छिलका 10400/12300, चना देशी छना 7100/7250, दाल चना 7200/7400, काबली चना 8800/13000, राजमां चित्रा पुणे 9800/11000,चीन 12000/12700, शर्मिली 13000/13200, किराना: जीरा 23800/27400, धनिया 16700/20200, लालमिर्च गुन्टूर-(334 नं.) 17000/18000, तेजा 25000/28000, हल्दी इरोड गट्ठा 18600/18700, निजामाबाद 21200/23200, मेवा (किलो): काजू: (320 नं.) 925/930, (210 नं.) 980/990, (240 नं.) 950/960, (180 नं.) 1070/1090, मखाना 900/1400, गोला 40000/45000

विकास कार्यों की गुणवत्ता पर नज़र रखने के लिए निगरानी समितियों का गठन

सोनीपत, 16 जुलाई (अनिल खत्री): नगर निगम सोनीपत की विशेष हाउस बैठक में शहर के समग्र विकास, जनभागीदारी और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वार्ड में वार्ड निगरानी समिति गठित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस पहल से विकास कार्यों में पारदर्शिता आएगी और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। मेयर राजीव जैन ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में गठित होने वाली निगरानी समिति की हर माह नियमित बैठक आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता संबंधित वार्ड पार्षद करेंगे। इन बैठकों में वार्ड की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी तथा चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड समितियां केवल विकास कार्यों की निगरानी तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी अभियान चलाएंगी। साथ ही विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के

मेयर राजीव जैन नगर निगम की विशेष बैठक में भाग लेते हुए।

पात्र लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने में भी सहयोग करेंगी। मेयर जैन ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य विकास कार्यों को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी बनाना है। वार्ड समितियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान होगा तथा नागरिकों और नगर निगम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह नई व्यवस्था शहर के विकास को नई गति देगी और प्रत्येक वार्ड में योजनाबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नगर निगम जनसहभागिता के साथ एक स्वच्छ, सुंदर और विकसित सोनीपत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। इस बैठक में कमिश्नर हर्षित कुमार, अतिरिक्त आयुक्त विजय यादव, पार्षद मुकेश बामनिया, किरण चांदना, सुनीता भोला, सुनीता राठी, सुरेंद्र मदान, त्रिभुवन कौशिक, संजीव वलेचा, राजकुमार शर्मा, मुनीराम ठोलेदार, संजय ठेकेदार, साधना तनेजा, रीना रामनिवास, राजेश मलिक, नवीन कुमार, अनुराग जैन कुणाल कौशिक और निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीण कौशल एवं रोजगार मेले में युवाओं का प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण

अम्बाला शहर, 16 जुलाई (तजिंदर शर्मा): सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण व अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा सरकार के तत्वाधान तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर के दिशा निर्देशन में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत ग्रामीण कौशल एवं रोजगार मेले का आयोजन गांव सारंगपुर धुरकड़ा जिला अम्बाला में किया गया। इस मेले में जिला प्रशासन के विभाग सेवा विभाग, जिला अग्रणी बैंक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला रोजगार कार्यालय तथा सीआईपीईटी आईपीटी मुरथल द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाये गए और मेले में आये आस पास के लगभग सभी गांव के युवाओं ने शिरकत की। चालू वर्ष के लिए लगभग 60 युवाओं को सीआईपीईटी आईपीटी मुरथल संस्थान में प्रशिक्षण देने के लिए पंजीकृत किया गया।

महान नायिका अरुणा आसफ अली को नमन करते गणमान्य।

भारत छोड़ो आंदोलन की महान नायिका थी अरुणा आसफ अली

गोहाना, 16 जुलाई (रामनिवास धीमान): गढ़ी सराय नामदार खां स्थित अंबेडकर चौपाल में गुरुवार को अरुणा आसफ अली की 170वीं जयंती मनाई जिसकी अध्यक्षता हरियाणा अंबेडकर संघर्ष समिति के प्रदेश महासचिव रोहतास अहलावत द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने उपस्थित को संबोधित करते हुए कहा अरुणा आसफ अली देश की आजादी के लिए क्रांति की मशाल जलाने वाली दिग्गज क्रांतिकारी नेता थी। वें 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुंबई के गोवालिया टैंक मैदान में ऐतिहासिक रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का झंडा फहराने के लिए प्रसिद्ध हुई। इस साहसिक कदम और स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनिय योगदान के कारण उन्हें ग्रैंड ओल्ड लेडी भी कहा जाता है। रोहतास अहलावत ने कहा अरुणा आसफ अली स्वतंत्रता के बाद भी राजनीति में सक्रिय रही 1958 में वें दिल्ली की पहली महिला महापौर बनी, बाद में उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में पेट्रियट अखबार व लिंक पत्रिका के प्रशासन में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर सत्यवान चंदेला, सुरजीत कश्यप, विजय, अजीत चोपड़ा, बलबीर सिंह अहलावत, रमेश, रणधीर तथा नरेंद्र कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

नरेंद्र मोदी की जींद रैली लेकर क्षेत्र में चलाया जनसम्पर्क अभियान

राजौंद, 16 जुलाई (दुर्गादास शर्मा): पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने जींद में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर राजौंद क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों रैली का निमंत्रण दिया। इस कड़ी में उन्होंने क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को रैली में शामिल होने का निमंत्रण दिया और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह रैली हरियाणा के विकास के लिए एक नई दिशा तय करेगी और इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए जनता में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कलायत क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग रैली में भाग लेने के लिए जींद पहुचेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और आने वाला समय भी भारतीय जनता पार्टी का ही है।

21 फीट लंबी अष्टधातु से निर्मित पवित्र गदा।

गदा यात्रा का स्वागत कार्यक्रम आयोजित

राजौंद, 16 जुलाई (दुर्गादास शर्मा): कंचन सेवा संस्थान में 11 मुखी और 84 फीट ऊंचे हनुमान जी महाराज के भव्य, विशाल और ऐतिहासिक मंदिर व मूर्ति का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में हनुमान जी महाराज की विश्व की ऐतिहासिक 21 फीट लंबी अष्टधातु से निर्मित पवित्र गदा पिछले 32 महीनों से पूरे भारत में भ्रमण कर रही है। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि यह गदा अब आपके कैथल शहर में पहुंचने जा रही है, जो श्रद्धालुओं के लिए सौभाग्य का अवसर है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार व मित्रों सहित श्रद्धा-भक्ति के साथ पुष्प, नारियल व मालाओं के साथ गदा का भव्य स्वागत करें।गदा भ्रमण कार्यक्रम के तहत 17 जुलाई को कैथल में विभिन्न मंदिरों में दर्शन व स्वागत का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 7 बजे दक्षिण हनुमान मंदिर बाजार, 8 बजे श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर, 8:30 बजे सनातन धर्म मंदिर, 9 बजे नीलकंठ मंदिर, 9:30 बजे अंकेश्वर मंदिर (चंदाना गेट), 10:30 बजे सूरजकुंड रमनपुरी, सायं 4 बजे वीर कुंड, 4:30 बजे वृद्ध कुंड, 5 बजे शीतलपुरी डेरा, 5:30 बजे राजपुरी डेरा, 6 बजे सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-19, 7 बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर सेक्टर-20 तथा रात्रि 8 बजे गीता भवन मंदिर में गदा पहुंचेगी, जहां रात्रि भोजन व विश्राम का कार्यक्रम रहेगा।

कर्मचारियों ने किया उपमंडल अधिकारी के कार्यालय का घेराव

निसिंग, 16 जुलाई (रतन मान): शहर के बिजली निमग कार्यालय में सब डिवीजन यूनियन के कर्मचारियों ने वीरवार को अपनी मांगों को लेकर गेट मीटिंग कर उपमंडल अधिकारी के कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता यूनिट प्रधान कर्मवीर, सतीश राणा व मंच संचालन राजेश बस्तली ने किया। कर्मचारियों ने एसडीओ के तानाशाही रवैये के विरोध में गेट मीटिंग के दौरान करीब दो घंटे उपमंडल अधिकारी के कार्यालय के घेराव कर कर नारेबाजी कर रोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया की धान के सीजन के दौरान जे ई प्रशांत का तबादला कर दिया गया है। जबकि विभाग के पास पहले ही कर्मचारी बहुत कम है और इसका सीधा असर किसानों को बिजली आपूर्ति पर पड़ेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि तकनीकी कर्मचारियों के लिए बार-बार आग्रह करने के बावजूद एसडीओ ने सेफ्टी किट उपलब्ध नहीं करवाई हैं। जिससे लाइन पर कार्य करते समय कर्मचारियों को हादसों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जेई का तबादला रद्द नहीं किया गया और कर्मचारियों को सेफ्टी किट जल्द उपलब्ध नहीं करवाई गई, तो मजबूरन कर्मचारियों को आंदोलन तेज करना पड़ेगा। इस मौके पर राकेश शर्मा, योगेश, राकेश, सीता राम, नवरत्न राणा, नीटू, सोहन, दीपक, विकास सहित अन्य कर्मचारियों ने गेट मीटिंग में नारेबाजी की। इस संबंध में उपमंडल अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि कर्मचारियों के लिए सेफ्टी किट जल्द उपलब्ध है। कर्मचारियों को सेफ्टी किट दी भी गई है। जिस कर्मचारी के पास सेफ्टी किट नहीं है वह स्टोर से ले सकता है। उन्होंने बताया कि जेई प्रशांत का तबादला विभाग के उच्चाधिकारियों ने किया है और तबादला करने का अधिकार मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने बताया कि निसिंग क्षेत्र के गांव बालू व अली पुरा में दो पॉवर हाऊस चालू हो चुके हैं। जिसके लिए कुछ कर्मचारियों को काम चलाने के लिए भेजा गया है।

निसिंग बिजली निगम के कर्मचारी एसडीओ कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी करते हुए। (छाया : रतनमान)

बाल भारती विद्यापीठ में ग्रीष्मावकाश गृहकार्य प्रदर्शनी का आयोजन

गोहाना, 16 जुलाई (रामनिवास धीमान): बाल भारती विद्यापीठ, बरोदा रोड़ गोहाना में विद्यार्थियों द्वारा ग्रीष्मावकाश के दौरान तैयार किए गए रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गृहकार्य की गुरुवार को विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनू शर्मा की अध्यक्षता में भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक मॉडल, चार्ट, प्रोजेक्ट फाइलें, हस्तशिल्प सामग्री, कला-कृतियां तथा विषय-आधारित गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने गृहकार्य के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, भाषा एवं कला जैसे विभिन्न विषयों पर उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। उनकी कल्पनाशीलता, मेहनत और नवाचार ने सभी आगंतुकों को प्रभावित किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनू शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना की।

सिख गुरुओं की चरण-रज से कुरुक्षेत्र में बनेगा भव्य सिख संग्रहालय : मनदीप सिंह विर्क

शाहाबाद मारकंडा, 16 जुलाई (विजय कुमार): कुरुक्षेत्र में प्रस्तावित सिख संग्रहालय को सिख इतिहास, विरासत और आस्था का भव्य प्रतीक बताते हुए शाहाबाद के सिख समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। इस उद्देश्य को लेकर ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब में सिख समुदाय की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एचएसजीएमसी सदस्य बीबी करतार कौर, मार्केट कमेटी चेयरमैन कर्ण राज सिंह तूर तथा पूर्व एचएसजीएमसी सदस्य एवं प्रवक्ता बेअंत सिंह नलवी ने संयुक्त रूप से की। भाजपा एवं सिख नेता मनदीप सिंह विर्क विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए बेअंत सिंह नलवी ने बताया कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेशवासियों को दो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री जींद से वर्चुअल माध्यम से रेलवे एलिवेटेड ट्रैक का उद्घाटन तथा सिख संग्रहालय परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के

शाहाबाद : बैठक को संबोधित करते बीबी करतार कौर।

ऑडिटोरियम में स्थानीय स्तर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सुबह 10 बजे हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक मनदीप सिंह विर्क ने कहा कि कुरुक्षेत्र में ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व वाले स्थान पर बनने वाला सिख संग्रहालय देश-विदेश की संगत और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा तथा सिख इतिहास, संस्कृति और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। बीबी करतार कौर और कर्ण राज सिंह तूर ने कहा कि केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकार ने सिख समाज की आस्था और विरासत से जुड़े अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। ऐसे में समाज का भी दायित्व है कि वह इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनकर सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त करे और कार्यक्रम को सफल बनाए। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। इस अवसर पर गुरमिलाप सिंह, अमरीक सिंह, रिंटू शर्मा, गुरविंदर सिंह, बलदेव सिंह नगला, गुरबख्श सिंह कलसानी सहित बड़ी संख्या में सिख संगत उपस्थित रही।

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य बत्रा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

गोहाना, 16 जुलाई (रामनिवास धीमान): गीता विद्या मंदिर, गोहाना के पूर्व छात्र एवं प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य बत्रा के आकस्मिक निधन के समाचार से विद्यालय परिवार गहरे शोक में है। उनके असामयिक निधन से चिकित्सा जगत के साथ-साथ विद्यालय परिवार ने भी एक प्रतिभाशाली, सेवाभावी एवं संस्कारित पूर्व छात्र को खो दिया है। इस दु:खद अवसर पर विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें प्राचार्य अश्विनी कुमार सहित समस्त आचार्यगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि डॉ. आदित्य बत्रा विद्यालय के गौरवशाली पूर्व छात्र थे। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं, समर्पण एवं मानवीय संवेदनाओं से समाज में विशिष्ट पहचान बनाई।

कार्य में लापरवाही बरतने पर बिजली कर्मचारी तत्काल प्रभाव से निलंबित

यमुनानगर, 16 जुलाई (दविंद्र कुमार): उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड, ओपी सर्कल यमुनानगर द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सुरक्षित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विभागीय कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है। बिजली व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए विभाग द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम यमुनानगर के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भनौटिया ने बताया कि उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम सढौरा के अंतर्गत कार्यरत लाइनमैन राजेश बख्शी को विभाग के द्वारा सौंपे गए कार्य से संबंधित मामले की जांच करवाई गई। जांच के दौरान उन्होंने स्वयं मामले की समीक्षा की तथा यूएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता ओपी डिवीजन बिलासपुर द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्य में लापरवाही पाए जाने के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। अधीक्षक अभियंता ने बिजली विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाश्स जाए।

वर्गीकृत विज्ञापन

नाम परिवर्तन

I, Inderpal Singh S/o Amarjeet Singh Vill. Nabi Nagar P.O. Fattupur, Teh. Dera Baba Nanak (Gurdaspur.) That I Have Changed My Given name as Inderpal and Surname as Singh. Please Concerned Note.__(W/32)

I Bandana Masih W/o Bhupinder Singh Village Shikar Tehsil Dera Baba Nanak Distt. Gurdaspur, I have changed my name from Bandana Masih to Vandana Kaur. _____(W/25)

मैं, संजीव कुमार शर्मा पुत्र अशोक कुमार शर्मा निवासी 661/25, गली नंबर 3, सर्वानंद कॉलोनी, लुधियाना ने अपना नाम संजीव शर्मा से बदलकर संजीव कुमार शर्मा कर लिया है। _____(W/29)

I, Tej Pal S/o Babu Ram, R/o Ward No. 1, Gobind Puri, Ladwa, Tehsil Ladwa, District Kurukshetra-136132, Have Changed My Name From Tej Pal to Tej Pal Saini._____(W/28)

सूचना

मैं, निक्का सिंह बाला पुत्र हज़ूरा सिंह निवासी 443, ज्ञानी जैल सिंह नगर, रूपनगर अपनी पैंशन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मेन ब्रांच से प्राप्त करता हूं। मेरा पी.पी.ओ. नम्बर 2887 एच.पी. है। पैंशन रिकॉर्ड में मेरा नाम निक्का सिंह दर्ज है जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसैंस में मेरा नाम निक्का सिंह बाला दर्ज है। इसलिए मुझे उक्त दोनों नामों से जाना जाता है। _____(W/71)

I, Harjit Kaur W/o Mohinder Singh R/o Street No.5 Jammu Basti Abohar Tehsil Abohar, District Fazilka have changed my name Harjit Kaur to Harjeet Kaur. _____(W/28)

I, Arindam S/o Sandeep Siag R/o H.No. 27, Near Govt. School, Jhumian Wali, Tehsil & Distt. Fazilka (PB) has changed my name to Arindam Siag. _____(W/28)

I, Rupjeet Kaur W/o Sukhminder Singh Sidhu R/o Sidhu Farm House, Near Gurdwara Gursagar Sahib, Village Kaimbwala, Chandigarh, have changed my name to Rupjeet Kaur Sidhu._____(W/26)

बेदखली सूचना

मैं, गुरदीप सिंह पुत्र मोहन सिंह, निवासी दीवान कॉलोनी, पिहोवा (कुरुक्षेत्र) अपने पुत्र हर्ष खुराना जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है, उसे मैं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला स्वयं ज़िम्मेदार होगा। _____(W/41)

पाठकों हेतु आवश्यक सूचना

अजीत ग्रुप आफ पब्लिकेशंज़ इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों की ज़िम्मेदारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar. Apni Pehchan.

गृहम हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : छठी मंज़िल, बी बिल्डिंग, गंगा टरूनो, लोहेगांव, पूणे, महाराष्ट्र 411014

ब्रांच ऑफ यूनिट : दूसरी मंज़िल, सामने सिंडीकेट बैंक, ढंड रोड

सरफेसी एक्ट अधीन सिक्योर्ड अचल एसैट की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

सिक्योरिटी इंट्रैस्ट (इनफोर्समैंट) रूल्ज़ 2002 के रूल 8 एवं 9 के साथ पढ़े जाते सिक्योरटाईजेशन एवं रीकंस्ट्रक्शन आफ फाइनैंशियल एसैट्स एवं इनफोर्समैंट आफ सिक्योरिटी इंट्रैस्ट एक्ट 2002 (दी एक्ट) अधीन अचल एसैट्स की बिक्री हेतु ई- नीलामी बिक्री सूचना

आम जनता एवं विशेषकर कर्ज़दार/सहकर्ज़दार/गिरवीकार (गिरवीकारों)/गारंटर (गारंटरों) को इस द्वारा नोटिस दिया जाता है कि गृहम हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड जिसका इसके पश्चात् एक्ट अनुसार (सिक्योर्ड क्रैडिटर के रूप में संदर्भ लिया जाएगा) के पास गिरवी रखी निम्न दर्शाई अचल सम्पत्तियां, जिसका कब्ज़ा एक्ट की धारा 13(2) अधीन नोटिस की पालना में सिक्योरिटी इंट्रैस्ट (इनफोर्समैंट) रूल के रूल्ज़ 8 एवं 9 से पढ़े जाते एक्ट की धारा 13(12) अधीन सौंपी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सिक्योर्ड क्रैडिटर के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है।

सिक्योर्ड एसैट की बिक्री 'जैसे है जहां है' 'जैसे है जो है' एवं 'वहां जो भी है' के आधार पर 18.08.2026 को ई-नीलामी द्वारा की जाएगी। आम जनता को इस द्वारा सूचित किया जाता है कि हम वैबसाइट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफार्म द्वारा पब्लिक नीलामी आयोजित कर रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया जीएचएफएल की/सिक्योर्ड क्रैडिटर्ज़ की वैबसाइट www.grihumhousing.com पर उपलब्ध लिंक का संदर्भ लें।

प्रस्ताव नं. कस्टमर का नाम (ए)	डिमांड नोटिस की तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्ज़े की किस्म (सी)	प्रापर्टी का विवरण (डी)	आरक्षित कीमत (ई)	ईएमडी (आरक्षित कीमत का 10%) एफ)	ईएमडी पेश करने की तिथि (जी)	इंक्रीमैंटल बोली (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	जाने जाते अवैध कब्ज़े/कोर्ट केस यदि कोई हो (के)
लोन नं. LAP0634200000-005024822 & HM0038H19100087 मोहम्मद रोज़ूदीन सजीदा खातून (सह-कर्ज़दार)	नोटिस दिनांक : 11.11.2025 कुल व्यक्तिगत बकाया रुपए 2689368.00 रुपए छब्बीस लाख, नवासी हज़ार तीन सौ अठसठ केवल) जिसमें वसूली तक @ 15.35% एवं 15.35% प्रति वर्ष ब्याज सहित दिनांक 11.11.2025 को अदायगी योग्य HM0038H19100087/- में एलएपी 063420000000524822 एवं 1806394.00/- में रुपए 882974.00 की बकाया राशि शामिल है।	फिजीकल	गांव मानकपुर, हदबस्त नं. 119, सब तहसील कालका ज़िला पंचकूला-133301 इंडिया में स्थित खसरा न. 86(10-18) कित्ता 1, रकबा 10 बिघा 18 बिसवा इसका 2/218 भाग अधीन खेवट/खतौनी नं. 17/17 के सभी अभिन्न भाग हदबंदी पूर्व : गली (28 फुट) पश्चिम : शामलात भूमि (28 फुट) उत्तर : लक्ष्मनी चंद (46.6 फुट) दक्षिण : मिस्टर मोती राम (46.6 फुट) अक्षांश लम्बाई 30.80261576.899961	रु 2905875/- (रुपये उनतीस लाख पांच हज़ार, आठ सौ पचहत्तर केवल)	रु. 290587.50 (रुपये दो लाख नब्बे हज़ार पांच सौ सत्तासी एवं पचास पैसे केवल)	17.08.2026 सायं 5.00 बजे से पूर्व	10,000/-	10.08.2026 (प्रात: 11:00 बजे से सायं 4 : 00 बजे तक)	18.08.2026 (प्रात: 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक)	निल

इच्छुक बोलीकारों/खरीदारों को बोलियां पेश करने से पहले इससे संबंधित पुरुष/महिला अपनी तसल्ली एवं अतिरिक्त चार्जिस, झंझटों एवं कोई भी थर्ड-पार्टी ब्याज का पता लगाएं एवं अपनी स्वयं की पूछताछ करने एवं नीलाम की जानी जायदाद एवं सिक्योर्ड क्रैडिटर शाखा में पधारने की सलाह है। सभी वैधानिक बकाया जैसे कि जायदाद टैक्सेज़, इलैक्ट्रीसिटी/पानी के बकाए एवं किसी अन्य बकाया यदि कोई है जायदाद से जुड़ी हुई राशि का पता लगाया जाना चाहिए एवं सफल बोलीकार द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीकारों को उचित समय में पोर्टल के पास स्वयं को रजिस्टर करना होगा एवं लागइन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो नीलामी सर्विस प्रोवाइडर) सी-1 इंडिया प्राई.लिम. पता: प्लाट नं. 68 तीसरी मंज़िल गुड़गांव हरियाणा 122003, हैल्पलाइन नंबर 7291981124, 25, 26 स्पोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com सम्पर्क : व्यक्ति धर्नी पी, ईमेल आई.डी. : dharani.p@c1india.com सम्पर्क नं. 9948182222 से ई-बोली हेतु अनिवार्य है। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकार केवल इनसे ई-नीलामी पर आनलाइन ट्रेनिंग का लाभ ले सकते हैं। इच्छुक खरीददारों/बोलीकार को दिनांक 17.08.2026 को या पहले किसी नैशनलाइज़ड अथवा सूचीबद्ध बैंक पर अदा 'गृहम हाऊसिंग फाइनांस लिम. निलामी प्रोसीडस ए/सी' बैंक आईसीआईसीआई बैंक लिम. खाता सं. 091551000028 एवं आईएफएससी कोड-ICIC0000915 आईसीआईसीआई बैंक लिम. पंचशील टैक पार्क, नज़दीक गणपति चौक 43/44 विमन नगर 411014 के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के ढंग द्वारा धरोहर राशि जमा (ईएमडी) की राशि पेश करनी होगी एवं अपना नाम https://www.bankeauctions.com पर रजिस्टर करें एवं मुफ्त यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करें एवं सर्विस प्रोवाइडर से ई-न